# पाठ - 4 सांवले सपनों की याद

## लेखक परिचय

### जाबिर हुसैन

**जन्म :-** सन् 1945 ई.

**जन्म स्थान :-** नालंदा, बिहार

**पेशा :-** अध्यापन

**भाषा :-** हिंदी, ऊर्दू, अँग्रेजी

**उपलब्धियाँ :-** बिहार विधानसभा के सदस्य, बिहार विधान परिषद् के सभापति

**रचनाएँ :-** जो आगे हैं, डोला बीबी का मज़ार, लोगां, अतीत का चेहरा, एक नदी रेत भरी

## पाठ परिचय

लेखक जाबिर हुसैन सालिम अली की शव यात्रा को याद करते हुए महसूस करता है जैसे सालिम अली इस बार एक अंतहीन यात्रा पर निकले हैं जहां से वापस आना संभव नहीं है। ऐसा लग रहा है जैसे हमेशा के लिए वह पक्षियों की गोद में बसने जा रहे हैं। पक्षी प्रेमी सालिम अली पक्षियों के प्रति लोगों के नजरिये पर क्षुब्ध हैं। वे अफसोस जताते हैं कि लोग पक्षियों को आदमी की नजर से देखते हैं। जिस प्रकार वृंदावन में कृष्ण की रासलीला, गोपलीला, माखनलीला, बांसुरी-वादन, वन विहार और क्रीड़ाओं का प्रभाव आज भी वहां महसूस की जाती है, उस वातावरण में जाते ही कई क्षण या स्थितियों में ऐसा लगता है जैसे अभी कृष्ण झट से आ जाएंगे, बांसुरी बजाते हुए, माखन से सने गालों के साथ, गोपियों से कोई शरारत करते हुए आदि। ठीक इसी प्रकार पक्षियों की दुनिया में सालिम अली को महसूस किया जा सकता है। सालिम अली कमजोर शरीर वाले व्यक्ति थे और पक्षियों की तलाश में जीवन भर यायावरी करते हुए काफी थक गए थे शायद इसलिए उनकी मौत कैंसर के कारण हुई हो। उन्होंने अपने तत्कालीन प्रधानमंत्री से केरल के साइलेंट वैली में आए रेगिस्तानी हवा के झोंकों से पक्षियों को बचाने की अपील की थी। प्रधानमंत्री भी पक्षी प्रेमी थे और इन्होंने साथ मिलकर पक्षियों की रक्षा के लिए कई तरह के प्रयास किये थे। लेखक डी एच लॉरेंस को याद करते हुए उनके भी पक्षी प्रेमी स्वभाव का वर्णन किया है। लॉरेंस की पत्नी फ्रीडा लॉरेंस के अनुसार उनके पति को उनसे ज्यादा छत में रहने वाली गोरैया जानती है। अंत में लेखक कहता है कि सालिम अली की छवि ऐसी थी कि आज भी याद करूं तो लगता है वे अभी तक जिंदा हैं, मरे नहीं हैं, बस वह कहीं दूर पक्षियों की तलाश में निकले हैं, कुछ ना कुछ हासिल करके वापस आ जाएँगे।

## पाठ्य-पुस्तक के प्रश्नोत्तर

**1. किस घटना ने सालिम अली के जीवन की दिशा को बदल दिया और उन्हें पक्षी प्रेमी बना दिया?**

**उत्तर-** बचपन में एक बार सालिम अली की एयरगन से एक गौरैया घायल होकर गिर पड़ी थी। इस घटना ने उन्हें इतना भावुक कर दिया कि वह गोरैया के देखभाल करने लगे। धीरे-धीरे वे अन्य पक्षियों से भी प्रेम करने लग गए और जीवन भर के लिए वे प्रेमी पक्षी प्रेमी बन गए।

**2. सालिम अली ने पूर्व प्रधानमंत्री के सामने पर्यावरण से संबंधित किन संभावित खतरों का चित्र खींचा होगा कि जिससे उनकी आँखें नम हो गई थीं?**

**उत्तर-** सलीम अली ने अपने समकालीन प्रधानमंत्री चौधरी चरणसिंह के सामने केरल के साइलेंट वैली में रेगिस्तानी हवा के झोंकों से संबंधित खतरों की बात उठाई होगी।

**3. लॉरेंस की पत्नी फ्रीडा ने ऐसा क्यों कहा होगा कि 'मेरी छत पर बैठने वाली गोरैया लॉरेंस के बारे में ढेर सारी बातें जानती है'?**

**उत्तर-** सालिम अली की तरह ही डी एच लॉरेंस भी पक्षी प्रेमी थे। उन्हें अपने छत पर बैठने वाली गोरैया से बहुत लगाव था। इसलिए जब उनकी पत्नी को लॉरेंस के बारे में कुछ लिखने को कहा गया तो उन्होंने कहा कि मुझसे ज्यादा मेरे छत की गोरैया उनको जानती है।

**4. आशय स्पष्ट कीजिए-**

**(क) वह लॉरेंस की तरह नैसर्गिक जिंदगी का प्रतिरूप बन गए थे।**

**उत्तर-** प्रसिद्ध अँग्रेजी साहित्यकार डी एच लॉरेंस प्रकृति प्रेमी थे। उनका संपूर्ण जीवन ही प्रकृतिमय हो चुका था। ठीक इसी प्रकार सालिम अली की भी जिंदगी थी। उन्होंने भी प्रकृति और पक्षियों के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया था। प्रकृति से सहज-सरल जुड़ाव के कारण ही लेखक ने उनकी जिंदगी को नैसर्गिक जिंदगी का प्रतिरूप माना है।

**(ख) कोई अपने जिस्म की हरारत और दिल की धड़कन देकर भी उसे लौटाना चाहे तो वह पक्षी अपने सपनों के गीत दोबारा कैसे गा सकेगा!**

**उत्तर-** बात सत्य है कि किसी की मृत्यु हो जाने के बाद चाहे कोई कुछ भी कर ले उसे दुबारा जीवन देना संभव नहीं है। यहाँ पर लेखक के कहने का आशय यह है कि सालिम अली के जैसा नैसर्गिक और मौलिक प्रकृति प्रेमी हमें अब शायद दुबारा नहीं मिल सकता।

**(ग) सालिम अली प्रकृति की दुनिया में एक टापू बनने की बजाए अथाह सागर बनकर उभरे थे?**

**उत्तर-** सालिम अली एक अनुकरणीय व्यक्तित्व के धनी थे। उन्होंने महज पशु-पक्षियों तक ही अपने आप को सीमित नहीं रखा बल्कि प्रकृति के जितने भी रूप हैं उन सभी में प्रकृति को अनुभव करते हुए उन्हें अपने व्यक्तित्व में समाहित किया। इसलिए लेखक ने उन्हें कोई टापू ना कहकर अथाह सागर कहा है।

**5. इस पाठ के आधार पर लेखक की भाषा शैली की चार विशेषताएं बताइए।**

**उत्तर-** लेखक ने इस पाठ को बहुत ही रोचक भाषा में लिखा है जिसमें से प्रमुख चार विशेषताएं निम्न हैं-

1. पाठ के बहुतायत जगहों पर ऊर्दू, तत्सम, तद्भव शब्दों को मिश्रित करते हुए वाक्य बनाया गया है।
2. बात को सीधे-सीधे ना का कर रोमांचकरी अनुभव कराने के लिए कई जगहों पर जटिल वाक्य का भी प्रयोग किया गया है।
3. इस रचना को रोचक बनाने के लिए उपमा, उत्प्रेक्षा, रूपक आदि अलंकारों का भी प्रयोग किया गया है।
4. उन्होंने भावानुरूप भाषा का सटीक प्रयोग किया है जिसके कारण भाव और सहज होकर पाठक तक पहुँचते हैं।

**6. इस पाठ में लेखक ने सालिम अली के व्यक्तित्व का जो चित्र खींचा है उसे अपने शब्दों में लिखिए।**

**उत्तर-** सालिम अली सीधे-सादे सरल और सहृदय व्यक्ति थे। उनके मन में जीव मात्र के प्रति दया की भावना थी। इसी भावना ने उन्हें पक्षियों का प्रेमी बनाया था। वे अलग-अलग सुदूर इलाकों में जाकर प्रकृति तथा पक्षियों आदि का निरीक्षण किया करते थे। उन्हें यायावरी अथवा घुमक्कड़ी करना बहुत पसंद था। उनकी ख्याति बहुत थी मगर जब भी कोई उन्हें साक्षात देख लेता तो उनको अपनी आँखों पर यकीन नहीं होता था कि क्या यही सालिम अली पक्षी विज्ञानी हैं! उनका सादा रहन-सहन और साफ दिल व्यवहार ने ही उन्हें लोगों के बीच लोकप्रिय बनाया था।

**7. 'सांवले सपनों की याद' शीर्षक के सार्थकता पर टिप्पणी कीजिए।**

**उत्तर-** इस पाठ का शीर्षक ही ऐसा है जिसे पढ़ते ही पाठक के मन में एक अजीब सी आतुरता उत्पन्न हो जाएगी कि पाठ के अंदर लिखा क्या होगा? लेखक ने इस पाठ को 'सांवले सपनों की याद' क्यों कहा है?

एक तो लेखक चाह कर भी सालिम अली के अनुकरणीय व्यक्तित्व की छवि को भूल नहीं पाता। दूसरी ओर यह भी है कि सालिम अली को दुबारा अपनी आँखों से वह देख नहीं पाएगा। इसलिए पाठ को लेखक ने 'सांवले सपनों की याद' कहा है। इस शीर्षक में एक रहस्यासात्मक बोध है अर्थात् पाठ को हम जितनी बार पढ़ेंगे उतनी बार कुछ अलग तथ्य भरकर सामने आएँगे।

## बहुविकल्पीय प्रश्न

**1. 'सांवले सपनों की याद' पाठ के लेखक का क्या नाम है?**
a. माखनलाल चतुर्वेदी　b. प्रेमचंद
c. सालिम अली　d. जाबिर हुसैन

**2. जाबिर हुसैन का जन्म कहाँ हुआ था?**
a. बिहार　b. मध्य प्रदेश
c. उत्तर प्रदेश　d. पश्चिम बंगाल

**3. जाबिर हुसैन का मुख्य व्यवसाय क्या था?**
a. भाषण देना
b. अध्यापन कार्य
c. चिड़ियाघर चलाना
d. पक्षियों की सेवा करना

**4. जाबिर हुसैन किस विषय के अध्यापक थे?**
a. अँग्रेजी भाषा एवं साहित्य　b. गणित विषय के
c. पक्षी विज्ञान　d. जंतु विज्ञान

**5. बिहार विधान सभा के सदस्य के रूप में जाबिर हुसैन कब निर्वाचित हुए?**
a. 1972 ई.　b. 1977 ई.
c. 1982 ई.　d. 1997 ई.

**6. जाबिर हुसैन बिहार विधान परिषद के सभापति कब बने थे?**
a. 1995 ई.　b. 1988 ई.
c. 1996 ई.　d. 1998 ई.

**7. जाबिर हुसैन किस भाषा के अच्छे जानकार थे?**
a. हिंदी　b. ऊर्दू
c. अँग्रेजी　d. इनमें से सभी

**8. निम्न में से कौन जाबिर हुसैन की रचना है-**
a. डोला बीबी का मजार　b. जो आगे है
c. अतीत का चेहरा　d. इनमें से सभी

**9. निम्न में से कौन जाबिर हुसैन की रचना नहीं है?**
a. लोगां　b. एक नदी रेत भरी
c. मेरे बचपन के दिन　d. सांवले सपनों की याद

**10. प्रस्तुत पाठ का संबंध निम्न में से किससे है?**
a. पक्षियों का राजा
b. पक्षी विज्ञान सालिम अली
c. बेतला नेशनल पार्क
d. इनमें से कोई नहीं

**11. प्रस्तुत पाठ कौन-सी विधा की रचना है!**
a. कहानी　b. निबंध
c. संस्मरण(व्यक्ति चित्र)　d. आत्मकथा

**12. सालिम अली की मृत्यु कब हुई?**
a. 1988 ई.　b. 1977 ई.
c. 1987 ई.　d. 1978 ई.

**13. लेखक के अनुसार लोगों के हुजूम के आगे-आगे कौन चल रहे हैं?**
a. सालिम अली　b. जाबिर हुसैन
c. नेताजी　d. इनमें से कोई नहीं

**14. पाठ के अनुसार सालिम अली वन पक्षियों की तरह कहाँ विलीन हो रहे हैं?**
a. मिट्टी में　b. हवा में
c. प्रकृति में　d. इनमें से कोई नहीं

**15. लेखक के अनुसार वर्षों पहले सालिम अली ने पक्षियों के संबंध में क्या कहा था?**
a. लोग पक्षियों को खत्म करना चाहते हैं

b. लोग पक्षियों से घृणा करते हैं
c. लोग पक्षियों को आदमी की नजर से देखना चाहते हैं
d. इनमें से सभी

**16. एहसास की ऊबड़ खाबड़ जमीन पर जन्मे मिथक का क्या नाम है?**
a. जाबिर हुसैन b. आदमी
c. पक्षी d. सालिम अली

**17. पाठ के अनुसार कौन-सा स्थान कृष्ण के बाँसुरी के जादू से खाली नहीं रहा?**
a. वृंदावन b. मथुरा
c. अयोध्या d. काशी

**18. सालिम अली की काया (शरीर) कैसी थी?**
a. मजबूत b. कमजोर
c. सुडोल d. आकर्षक

**19. सालिम अली की आँखों पर चढ़ी दूरबीन उनकी मौत के बाद ही तो उतरी थी! यहाँ दूरबीन से आशय है?**
a. दूर तक देख सकने वाली चीज़
b. चश्मा (ऐनक)
c. a गलत b सही
d. a और b दोनों गलत

**20. लेखक ने सालिम अली की विशेषता में कौन-सा शब्द प्रयुक्त किया?**
a. बर्ड केयर टेकर b. बर्ड शूटर
c. बर्ड सेवर d. बर्ड वाचर

**21. सालिम अली के पास कैसी जादुई नजर थी?**
a. सबको सम्मोहित करने वाली
b. प्रकृति को अपने घेरे में बांध लेने वाली
c. सबको चुभने वाली
d. इनमें से कोई नहीं

**22. सालिम अली उनमें से थे जो-**
a. प्रकृति के प्रभाव में आ जाते हैं
b. प्राकृतिक आपदा से डरते हैं
c. प्रकृति को नुकसान पहुँचाते हैं
d. प्रकृति को अपने प्रभाव में ले आते हैं

**23. सालिम अली की बीवी का क्या नाम था?**
a. तहमीना b. असमीना
c. गुलफ्सा d. जूही

**24. तहमीना सालिम अली को कब से जानती थी?**
a. शादी के कुछ दिन पहले से
b. स्कूल के दिनों से
c. कॉलेज के दिनों से
d. सालिम अली के आत्मकथा लिखने के बाद से

**25. 'साइलेंट वैली' किस राज्य में है?**
a. अरुणाचल प्रदेश b. केरल
c. कर्नाटक d. तमिलनाडु

**26. साइलेंट वैली को रेगिस्तानी हवा के झोंकों से बचाने के लिए प्रधानमंत्री को अनुरोध पत्र किसने भेजा था?**
a. जाबिर हुसैन b. सालिम अली
c. तहमीना d. इनमें से कोई नहीं

**27. सालिम अली के समकालीन प्रधानमंत्री का क्या नाम था?**
a. अटल बिहारी बाजपेई b. नरेंद्र मोदी
c. चौधरी चरण सिंह d. मनमोहन सिंह

**28. चौधरी चरण सिंह कैसे नेता थे?**
a. खानदानी
b. विलायती ठाठ बाट वाले
c. अपने ज़मीन की मिट्टी से जुड़े
d. इनमें से सभी

**29. नए भारत की नींव रखने को लेकर संकल्पसील थे_**
a. सालिम अली b. चौधरी चरण सिंह
c. a और b दोनों d. a सही b गलत

**30. हिमालय और लद्दाख जैसे बर्फीली जमीनों पर जीने वाले पक्षियों की रक्षा की वकालत कौन करता था?**
a. सालिम अली b. तहमीन
c. जाबिर हुसैन d. इनमें से कोई नहीं

**31. सालिम अली द्वारा लिखी गई आत्मकथा का क्या नाम है?**
a. फॉल ऑफ ए स्पैरो b. माई जर्नी
c. पगडंडी d. सुनहरी यादें

**32. आत्मकथा में किसके बारे में लिखा जाता है?**
a. किसी अन्य व्यक्ति के बारे में
b. महात्मा गाँधी के बारे में
c. महान लोगों के बारे में
d. स्वयं के बारे में

**33. लेखक ने पाठ के उत्तरार्ध में एक अँग्रेज दंपति का उल्लेख किया है! उनका नाम क्या है?**
a. डी एच लॉरेंस और फ्रीडा लॉरेंस
b. वाई एच हेस्टिंग और विक्टोरिया
c. एन एल पार्क और एम्मा
d. इनमें से कोई नहीं

**34. पति की मृत्यु के बाद लोगों ने फ्रीडा लॉरेंस से क्या अनुरोध किया?**
a. भारत में बसने का
b. दूसरी शादी करने का
c. भारत से चले जाने का
d. अपने पति के बारे में लिखने का

**35. लेखक के छत पर बैठने वाली गोरैया किसके बारे में बहुत कुछ जानती थी?**
a. सालिम अली के बारे में
b. तहमीना के बारे में
c. फ्रीडा लॉरेंस के बारे में

d. डी एच लॉरेंस के बारे में

**36. जटिल प्राणियों के लिए हमेशा सालिम अली क्या बने रहेंगे?**

a. सेवक b. पहेली

c. दुश्मन d. दोस्त

**37. बचपन के दिनों में सालिम अली की एयरगन से कौन पक्षी घायल हुई थी?**

a. गोरैया b. मैना

c. कबूतर d. इनमें से कोई नहीं

**38. सालिम अली प्रकृति की दुनिया का एक टापू ना बनकर क्या बनकर उभरे थे?**

a. नदी b. झील

c. अथाह सागर d. इनमें से कोई नहीं

**39. पक्षियों से सबसे अधिक लगाव किसको था?**

a. जाबिर हुसैन b. सालिम अली

c. तहमीना d. इनमें से कोई नहीं

**40. सालिम अली का स्वभाव कैसा था?**

a. भ्रमणसील b. आलसी

c. निर्दय d. इनमें से कोई नहीं

**41. यायावरी का क्या अर्थ है_**

a. लोगों से दोस्ती यारी करना

b. दुश्मन के साथ डटे रहना

c. अपने ही धुन में मस्त रहना

d. कुछ जानकारियाँ प्राप्त करने के उद्देश्य से यात्राएं करना

**42. पाठ के अनुसार यायावरी से परिचित लोगों को सालिम अली के मृत्यु के बाद उनके बारे में क्या ख्याल आता है?**

a. वे आज हमारे साथ बैठे हैं

b. वे यहीं कहीं घूम रहे हैं

c. वह आज भी पक्षियों की सुराग में निकले हैं

d. इनमें से कोई नहीं

**43. सालिम अली के गले में क्या लटकता रहता था?**

a. दूरबीन b. टाई

c. ऐनक d. इनमें से कोई नहीं

**44. सालिम अली को याद कर किसकी आँखें नम हो गई?**

a. पक्षियों की b. जाबिर हुसैन की

c. फ्रीडा लॉरेंस की d. इनमें से सभी

**45. डी एच लॉरेंस कैसा आदमी था?**

a. फूहड़ b. सातिर

c. घमंडी d. सादा-दिल

**46. लेखक डी एच लॉरेंस को याद कर कैसा महसूस करता है? जैसे लॉरेंस-**

a. उसकी आँखों में चुभता हो

b. उसकी अंगों और हड्डियों में समाया हो

c. उसके सामने बैठा हो

d. इनमें से सभी

**47. 'मिथक' का क्या अर्थ होता है?**

a. ऐसी बात जिसका कोई स्पष्ट प्रमाण नहीं

b. मीठी बातें

c. अनकही बातें

d. इनमें से कोई नहीं

**48. इनमें से कौन क्षितिज का पर्यायवाची शब्द नहीं है?**

a. नभ b. सीमा

c. परिधि d. अबरांत

**49. निम्न में से 'आसमान' शब्द का सही विलोम शब्द कौन है?**

a. धरती b. ज़मीन

c. पृथ्वी d. भू

**50. सैलानी का क्या अर्थ है?**

a. सिलाई करने वाला

b. सैर करने वाला घुमक्कड़

c. मेहनती

d. इनमें से कोई नहीं

**51. निम्न में से किससे कृष्ण का संबंध नहीं है?**

a. वृंदावन b. माखन

c. बंसी d. कैकैय

**52. सालिम अली के लिए प्रकृति में हर तरफ कैसी दुनिया पसरी हुई थी?**

a. उदासी भरी b. रहस्य भरी

c. शांति भरी d. इनमें से कोई नहीं

**53. नैसर्गिक शब्द का क्या अर्थ होता है?**

a. स्वाभाविक b. प्राकृतिक

c. सहज d. इनमें से सभी

**54. लेखक ने सालिम अली की मृत्यु का क्या कारण बताया है?**

a. हैजा b. मलेरिया

c. कैंसर d. इनमें से सभी

**55. डी एच लॉरेंस ने किस रूप में प्रसिद्धि पाई थी?**

a. भूगोलवेत्ता b. अर्थशास्त्री

c. राजनेता d. अँग्रेजी साहित्यकार

**56. पठित पाठ 'सांवले सपनों की याद' का हिंदी अनुवाद नेशनल बुक ट्रस्ट ने किस नाम से प्रकाशित किया?**

a. तोता और मैंना b. एक गोरैया का गिरना

c. गोरैया की कहानी d. मानव और पक्षी

**57. 'हुजूम शब्द का क्या अर्थ होता है?**

a. जनसमूह b. भीड़

c. a और b दोनों d. इनमें से कोई नहीं

**58. पाठ में आए 'शोख' शब्द का क्या अर्थ है?**

a. चंचल b. गर्मी

c. शौक d. इनमें से सभी

**59. पाठ में आए 'आबसार' शब्द का क्या अर्थ है?**

a. आसमान b. झरना

c. डेयरी d. हवा

60. **डी एच लॉरेंस का जीवन काल है?**
a. 1930_1955 ई. b. 1830_1910 ई.
c. 1857_1930 ई. d. 1885_1930 ई.

61. **डी एच लॉरेंस के अनुसार मानव को किस ओर लौटने की आवश्यकता है?**
a. पृथ्वी की ओर b. प्रकृति की ओर
c. परंपरा की ओर d. इनमें से कोई नहीं

62. **सालिम अली का जीवन काल क्या है?**
a. 1896_1987 ई. b. 1857_1920 ई.
c. 1890_1957 ई. d. 1896_1992 ई.

63. **'पलायन' का क्या अर्थ है?**
a. पालना पोषना
b. एक जगह छोड़कर अन्य जगह चले जाना
c. पलने में झूलना
d. इनमें से कोई नहीं

64. **इनमें से कौन-सा टीवी चैनल पशु-पक्षियों से संबंधित नहीं है?**
a. एनिमल किंगडम b. एनिमल प्लेनेट
c. डिस्कवरी चैनल d. जी जागरण

65. **निम्न में से कौन-सा पक्षी भारत में प्रवासी पक्षी के रूप में मिलता है?**
a. हंस b. गौरैया
c. साईबेरियन क्रेन d. बाज

66. **निम्न में से कौन पक्षी का नाम नहीं है?**
a. सारस b. नेवला
c. तितर d. पपीहा

67. **'आँखें नम होना' मुहावरा का अर्थ है?**
a. आँख में चुभन
b. आँखों का बंद हो जाना
c. दुख के कारण आँखे भर आना
d. आँख में रोग लगना

68. **पक्षी विज्ञानी सालिम अली का पूरा नाम क्या था?**
a. सलीम मोईनुद्दीन अब्दुल अली
b. सलीम इब्राहिम अली
c. सलीम खान अली
d. इनमें से कोई नहीं

69. **सालिम अली को क्या उपाधि दी गई है?**
a. एक भारतीय आत्मा b. मानव रूपी पक्षी
c. द बर्ड हार्ट d. भारत के बर्डमैन

70. **पक्षियों का संरक्षण तथा कई सारी किताबें लिखने पर भारत सरकार ने सालिम अली की कौन से पुरस्कार से पुरस्कृत किया?**
a. ज्ञानपीठ पुरस्कार b. साहित्य अकादमी
c. भारत रत्न d. पद्म विभूषण

## बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. d, | 11. c, | 21. b, | 31. a, | 41. d, | 51. d, | 61. b, |
| 2. a, | 12. c, | 22. d, | 32. d, | 42. c, | 52. b, | 62. a, |
| 3. b, | 13. a, | 23. a, | 33. a, | 43. a, | 53. d, | 63. b, |
| 4. a, | 14. c, | 24. b, | 34. d, | 44. b, | 54. c, | 64. d, |
| 5. b, | 15. c, | 25. b, | 35. d, | 45. d, | 55. d, | 65. c, |
| 6. a, | 16. d, | 26. b, | 36. b, | 46. b, | 56. b, | 66. b, |
| 7. d, | 17. a, | 27. c, | 37. a, | 47. a, | 57. c, | 67. c, |
| 8. d, | 18. b, | 28. c, | 38. c, | 48. a, | 58. a, | 68. a, |
| 9. c, | 19. a, | 29. c, | 39. b, | 49. b, | 59. b, | 69. d, |
| 10. b, | 20. d, | 30. a, | 40. a, | 50. b, | 60. d, | 70. d, |

## अतिलघु उत्तरीय प्रश्नोत्तर

1. **लेखक ने सलीम अली के किस सफ़र को अन्य सफरों से भिन्न बताया है?**

**उत्तर-** सलीम अली के मृत्यु के बाद ले जा रहे जनाजा को लेखक ने अन्य सफरों से भिन्न सफर बताया हैं।

2. **'रोमांच का सोता फूटने' से क्या अभिप्राय है?**

**उत्तर-** रोमांस का सोता फूटने से अभिप्राय है- मन में आनंद की गुदगुदी होना।

3. **वृंदावन में सुबह-सुबह क्या अनुभूति होती है?**

**उत्तर-** वृंदावन में सुबह-सुबह ऐसा लगता है के जैसे अभी कहीं से कन्हैया आ जाएगा और बंशी की सुमधुर धुन बजाएगा।

4. **सालिम अली शरीर से कमजोर क्यों हो गए थे?**

**उत्तर-** एक तो सालिम अली प्राकृतिक रूप से दुबले-पतले इंसान थे, दूसरी उन्होंने जीवन भर पक्षियों के सर्वेक्षण के लिए यात्राएं कीं। इसी कारण उनका शरीर कमजोर हो गया था।

5. **सालिम अली की आँखें किन के लिए समर्पित थी?**

**उत्तर-** सालिम अली की आँखें पक्षियों के लिए समर्पित थीं।

6. **'बर्ड वाचर' किसे कहते हैं?**

**उत्तर-** जो पक्षियों से प्रेम और उनकी देखभाल करता है उसे 'बर्ड वाचर' कहते हैं।

7. **'रगों और हड्डियों में बसने' का क्या अभिप्राय है?**

**उत्तर-** जीवन का अभिन्न अंग बन जाना।

8. **लॉरेंस और सलीम अली में कोई एक समानता को लिखें।**

**उत्तर-** सालिम अली और लॉरेंस दोनों ही प्रकृति के प्रेमी थे। दोनों ही का जीवन प्रकृतिमय हो गया था।

9. **पाठ के लेखक का जन्म कब और कहाँ हुआ था?**

**उत्तर-** पाठ के लेखक जाबिर हुसैन का जन्म सन् 1945 ईस्वी में बिहार राज्य में हुआ था।

10. **जाबिर हुसैन कौन से विधानसभा क्षेत्र से बिहार विधानसभा के निर्वाचित सदस्य रहे थे?**

**उत्तर-** बिहार के मुंगेर विधानसभा क्षेत्र से

## लघु उत्तरीय प्रश्नोत्तर

**1. लेखक द्वारा सालिम अली की तुलना वन पक्षी से करना कितना सार्थक है?**

**उत्तर-** सालिम अली इंसानों की अपेक्षा पक्षियों के अधिक करीब थे। उनका संपूर्ण जीवन ही पक्षियों के लिए समर्पित था। उनके अंतिम यात्रा के दिन भी लेखक ने यह अनुभव किया कि वे कहीं और नहीं बल्कि पक्षियों की दुनिया में बसने जा रहे हैं। इसलिए लेखक का सालिम अली को वन-पक्षी कहना सही लगता है।

**2. प्राय: मनुष्य पक्षियों के सुमधुर आवाज़ को सुनकर रोमांच की अनुभूति क्यों नहीं कर पाते?**

**उत्तर-** पक्षियों की बोली और भाषा मनुष्यों से बिल्कुल अलग होती है। यह मनुष्यों के समझ में आने वाली भाषा नहीं होती है। उनकी भाषा को वही व्यक्ति समझ सकता है जो सहृदय हो, प्राणी मात्र के प्रति दया और प्रेम का भाव रखता हो और सभी मनुष्यों में ऐसी सहृदयात्मक क्षमता नहीं होती है। इसलिए वे पक्षियों के सुमधुर आवाज़ को सुनकर रोमांच की अनुभूति नहीं कर पाते।

**3. नदी का सांवला पानी को देखकर यात्रियों को वृंदावन के किन घटनाओं की याद आ जाती है?**

**उत्तर-** जब सैलानी यात्रा करते समय जमुना नदी का सांवला पानी को देखते हैं तो उन्हें कृष्ण की छवि याद आती है। कृष्ण की रासलीलाएं, गोपीलीलाएं, माखनचोरी का प्रसंग, यमुना किनारे छायादार कदंब के पेड़ पर बैठकर बाँसुरी का सुमधुर वादन आदि आदि छवियाँ याद आने लगती हैं।

**4. लोगों के अनुरोध करने पर लॉरेंस की पत्नी फ्रीडा ने लॉरेंस के बारे में कुछ भी लिखने से मना क्यों कर दिया?**

**उत्तर-** क्योंकि फ्रीडा को यकीन था कि उनके पति को उनसे ज्यादा उनके छत पर बैठने वाली गोरैया पक्षी जानती है। दूसरे अर्थ में यह कहा जा सकता है कि फ्रीडा लोगों को यह बताना चाहती थी कि लॉरेंस कितना पक्षी प्रेमी था।

**5. लेखक ने सालिम अली के लिए ऐसा क्यों कहा कि जटिल प्राणियों के लिए वो हमेशा एक पहेली बने रहेंगे?**

**उत्तर-** सालिम अली ने अपने जीवन काल में जो कर्मठता और परिश्रमी होने का परिचय दिया है इसकी अपेक्षा एक कमजोर शरीर वाले से नहीं की जा सकती थी। उन्होंने एक साधारण जीवन शैली को अपनाकर असाधारण कार्य कर दिखाया है। उनके इस विचित्र व्यक्तित्व को समझने के लिए व्यक्ति को सरल और सहृदय होने की आवश्यकता है। अन्यथा की स्थिति में वे लोगों के लिये एक पहेली से कम नहीं हैं।

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्नोत्तर

**1. 'सांवले सपनों की याद' पाठ के लेखक जाबिर हुसैन का संक्षिप्त जीवन परिचय प्रस्तुत करें।**

**उत्तर-** 'सांवले सपनों की याद' पाठ के लेखक जाबिर हुसैन का जन्म सन् 1945 ईस्वी में बिहार प्रदेश के नालंदा जिला के राजगीर इलाके में नौनही गाँव में हुआ था। उन्होंने अँग्रेजी भाषा और साहित्य के अध्यापक के रूप में कार्य किया है। इसके अतिरिक्त उन्होंने राजनीति में भी अपनी मजबूत कदम जमाये हैं। सन् 1977 ईस्वी में बिहार के मुंगेर विधानसभा क्षेत्र से निर्वाचित होकर वे बिहार विधान सभा के सदस्य बने साथ ही मंत्री के पद पर भी रहे।

वे सन् 1995 ई. में बिहार विधान परिषद के सभापति भी रह चुके हैं।

जाबिर हुसैन को हिंदी उर्दू और अँग्रेजी तीनों ही भाषा में समान अधिकार प्राप्त है। उनके पास एक लंबे राजनैतिक और सामाजिक जीवन का अनुभव प्राप्त है। आम आदमी से लेकर विशिष्ट आदमी तक को उन्होंने अपनी रचनाओं का विषय बनाया है। आम आदमी का जीवन संघर्ष सहज ही उनकी रचनाओं में देखी जा सकती है। उन्होंने विशेष कर हिंदी की डायरी विधा में प्रसिद्धि प्राप्त की है।

**2. पाठ में आए कृष्ण और वृंदावन का प्रसंग आपको कितना सार्थक प्रतीत होता है?**

**उत्तर-** सालिम अली क्या थे? कैसे थे? उनके व्यक्तित्व की क्या विशेषताएं थी? इसको लेखक जाबिर हुसैन ने नजदीक से अनुभव किया था। इस अनुभव को वह पाठकों के साथ साझा करना चाहता था। प्रायः पाठक कृष्ण के छवि से अवगत हैं। इसलिए उन्होंने कृष्ण और वृंदावन का प्रसंग उठाया है ताकि पाठक सालिम अली के व्यक्तित्व से ठीक से परिचित हो सकें। जिस प्रकार वृन्दावन के वातावरण में प्रवेश करते ही अनायास ही कृष्ण की छवियाँ एकाएक हमारे मस्तिष्क पटल आने लगती हैं और लगने लगता है कि अभी ही कृष्ण आ प्रकट होंगे। ठीक इसी प्रकार लेखक सालिम अली के लिए अनुभव करते हैं। वे जब भी प्रकृति को निहारते हैं तो उन्हें सालिम अली की याद आ जाती है, उन्हें लगता है कि सालिम अली इन्ही प्राकृतिक वस्तुओं में रचे बसे हुए हैं। लेखक के इस अनुभूति को पाठकों तक पहुँचाने के लिए कृष्ण और वृन्दावन के प्रसंग से अधिक उपयुक्त शयाद ही कोई और होता।

**3. पाठ में लेखक ने डी एच लॉरेंस का उल्लेख क्यों किया होगा? लॉरेंस के बारे में अन्य स्रोतों से जानकारियाँ जुटा कर लिखें।**

**उत्तर-** पाठ में उल्लेखित डी एच लॉरेंस अँग्रेजी के एक प्रसिद्ध साहित्यकार हैं। उनका जन्म सन् 1885 ईस्वी में इंग्लैंड में हुआ था तथा मृत्यु 1930 ईस्वी में फ्रांस में हुआ। उनका पूरा नाम डेविड हरबर्ट रिचर्ड्स लॉरेंस था। उनकी पत्नी का पूरा नाम फ्रीडा वीकली था। अँग्रेजी साहित्य में डी एच लॉरेंस की पहचान उपन्यासकार, नाटककार, निबंधकार, कवि और साहित्यिक आलोचक के रूप में है। इसके अतिरिक्त लॉरेंस एक बहुत अच्छे चित्रकार भी थे। लेखक ने पाठ में लॉरेंस का उल्लेख इसलिए किया है क्योंकि सालिम अली और लॉरेंस के व्यक्तित्व में काफी समानता है। लॉरेंस ने भी अपने जीवन काल में सालिम अली की तरह बहुत सारी यात्राएं की थी तथा सालिम अली की ही तरह वे भी संवेदनशील व्यक्ति थे।

# पाठ - 5 नाना साहब की पुत्री देवी मैना को भस्म कर दिया गया

## लेखक परिचय

### चपला देवी

**जन्म :-** 1914 ई०

**स्थान :-** बिहार

**मृत्यु :-** 27 अप्रैल 2001 ई०

**भाषा :-** हिंदी ,यदा-कदा उर्दू ,संस्कृत भी मिलते हैं

## पाठ परिचय

हमारी मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वालों के जीवन का उत्कर्ष हम सबके लिए गौरव और सम्मानजनक बात है। इनके बलिदान से आने वाली पीढ़ी को परिचित कराने के लिए इस रचना को 'हिंदू पंच' नामक पत्र के बलिदान अंक से लिया गया है। इस पाठ में लेखिका ने बताया है कि सन् 1857 के विद्रोह में जब धुंधूपत नाना साहब कानपुर में असफल होकर भाग रहे थे तो वे आनन-फानन में अपनी पुत्री मैना को नहीं ले जा सके और अंग्रेजों ने उस निरपराध देवी को जलाकर मार दिया।

## पाठ्य-पुस्तक के प्रश्नोत्तर

**1. बालिका मैना ने सेनापति 'हे' को कौन-कौन से तर्क देकर महल की रक्षा के लिए प्रेरित किया?**

**उत्तर-** बालिका मैना ने सेनापति 'हे' को निम्न तर्क देकर महल की रक्षा के लिए प्रेरित किया-

- इस मकान को ध्वस्त करने में आपका क्या उद्देश्य है ?
- आपके विरुद्ध शस्त्र उठाने वाले गुनहगार है
- इस जड़ पदार्थ मकान ने आपका क्या बिगाड़ा है?
- यह स्थान उसे प्रिय है इसलिए इसकी रक्षा कीजिए।

**2. मैना जड़ पदार्थ मकान को बचाना चाहती थी पर अँग्रेज उसे नष्ट करना चाहते थे। क्यों?**

**उत्तर-** मैना जड़ पदार्थ मकान को बचाना चाहती थी पर अँग्रेज उसे नष्ट करना चाहते थे क्योंकि मैना के पिताजी धुंधूपंत नाना साहब ने अंग्रेजों के खिलाफ विद्रोह किया था।

**3. सर टॉमस 'हे' के मैना पर दया-भाव के क्या कारण थे ?**

**उत्तर-** सर टॉमस 'हे' का मैना पर दया-भाव दिखाने का मुख्य कारण था कि मैना और 'हे' की पुत्री मेरी अच्छी सहेलियाँ थी। 'हे' मैना को अपनी पुत्री की तरह स्नेह करते थे।

**4. मैना की अंतिम इच्छा थी कि वह उस प्रासाद के ढेर पर बैठकर जी भर कर रो ले लेकिन पाषाण-हृदय वाले जनरल ने किस भय से उसकी इच्छा पूर्ण न होने दी?**

**उत्तर-** मैना की अंतिम इच्छा थी कि वह अपने महल के ढेर पर बैठकर जी भरकर रो ले लेकिन उस पत्थर-हृदय वाले जनरल ने उसकी इच्छा पूरी नहीं होने दी क्योंकि उसे डर इस बात का था कि वह उसे अगर अकेला छोड़ देगा तो वह कहीं चली जाएगी और वह अँग्रेज सरकार को क्या जवाब देगा।

**5. बालिका मैना के चरित्र की कौन-कौन सी विशेषताएँ आप अपनाना चाहेंगे और क्यों?**

**उत्तर-** बालिका मैना के चरित्र से हम साहस, निडरता, बलिदान जैसे गुणों को अपनाना चाहेंगे क्योंकि इन्हीं गुणों के बल पर हम अपने शत्रु का सामना करके उन्हें परास्त कर सकते हैं।

**6. टाइम्स पत्र ने 6 सितंबर को लिखा था- 'बड़े दुख का विषय है कि भारत सरकार आज तक उस दुर्दांत नाना साहब को नहीं पकड़ सकी।' इस वाक्य में भारत सरकार से क्या आशय है ?**

**उत्तर-** उपर्युक्त वाक्यों में भारत सरकार से आशय यह है कि वे पदाधिकारी जिन्हें अँग्रेज सरकार के प्रतिनिधि के रूप में नियुक्त किया गया था।

## बहुविकल्पीय प्रश्न

**1. नाना साहब कौन थे ?**

a. शिक्षक b. डॉक्टर
c. चपरासी d. विद्रोही नेता

**2. नाना साहब का पूरा नाम क्या था?**

a. तात्या टोपे b. बाल गंगाधर तिलक
c. धुंधूपन्त d. हे

**3. मैना किसकी पुत्री थी?**

a. टॉमस हे b. जनरल
c. धुंधूपन्त d. अउटरम

**4. इस पाठ में कितने ई० के विद्रोह की बात की गई है ?**

a. सन् 1957 ई० b. सन् 1857 ई०
c. सन् 1947 ई० d. सन् 1945 ई०

**5. नाना साहब किस स्थान पर असफल होकर भाग रहे थे?**

a. कलकत्ता b. दिल्ली
c. भागलपुर d. कानपुर

**6. नाना साहब असफल होकर भागने के क्रम में किसे ले जाना भूल गए?**

a. मेरी b. मैना